Hindi / हिंदी

AEC
Australian Electoral Commission

# ज़रा रुकें और सोचें

## फ़ेडरल इलेक्शन के (संघीय चुनाव) दौरान मतदान प्रक्रिया के बारे में बहुत सी बातें कही और लिखी जाती हैं। **इनमें से कुछ ग़लत या भ्रामक हो सकती हैं।**

ज़रा रुकें, मतदान प्रक्रिया के बारे में आप जो देखते, सुनते या पढ़ते हैं उस सामग्री और उसके स्रोत के बारे में विचार करें।

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस की सहायता से तैयार किए गए संदेशों, चित्रों, वीडियो और ऑडियो का उपयोग आपको धोखा देने के लिए किया जा सकता है कि आपको मतदान कहाँ करना है, मतदान पत्रों को कैसे पूरा करना है या मतदान प्रक्रिया भरोसेमंद क्यों नहीं है। **ऐसी बातों से कोई भी प्रभावित हो सकता है।**

संदेहजनक बात पर संदेह करें। उसकी जाँच करें या उसे अनदेखा करें, लेकिन उसे साझा या फिर से पोस्ट न करें। आप उस स्थान पर भी इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं जहाँ आपने उसे देखा था। ऐसा करने में मित्रों और परिवार की सहायता करें।

ऑस्ट्रेलिया की चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे भरोसेमंद चुनावी प्रणालियों में से एक है। यह मतदाताओं के लिए है और हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम इसकी रक्षा करें।

## हमारे पास जो है उसे जोखिम में न डालें।

### सामग्री की जाँच करें

**ध्यान दें:**

- क्या ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया है जो मन को आघात पहुँचाने, क्रोध या उत्तेजना जैसी सशक्त भावनाएँ उत्पन्न करते हैं
- सभी विकल्पों की बजाय कुछ ही विकल्प दिए गए हैं
- किसी विशेष समूह या व्यक्ति को दोष देना जबकि वह एकमात्र व्यक्ति/समूह उसके लिए पूरी तरह ज़िम्मेदार नहीं है
- किसी तर्क पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय किसी व्यक्ति को निशाना बनाना।

### स्रोत की जाँच करें

**जरा सोचें:**

- जानकारी कहाँ से प्राप्त हुई है? क्या यह किसी विश्वसनीय स्रोत से आई है?
- क्या यह ऑस्ट्रेलिया से है या विदेश से?
- क्या यह AI हो सकती है? आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस तकनीक ने झूठे टेक्स्ट, चित्र, वीडियो और ऑडियो बनाना आसान बना दिया है।
- इसे क्यों प्रकाशित किया गया था? क्या इसका कारण है कि कोई आपको किसी ऐसी चीज़ के बारे में आश्वस्त करने की कोशिश कर रहा है जो सच नहीं है?

### हमारी वेबसाइट पर देखें

**सही जानकारी प्राप्त करें:**

- मतदान कब करें
- वोटों की गिनती कैसे की जाती है
- परिणाम कैसे तय किया जाता है
- एईसी वोटों को कैसे सुरक्षित रखता है।

**सुझाव प्राप्त करें**

**aec.gov.au** 13 23 26

सीधे हमसे जानकारी प्राप्त करने के लिए हमें फॉलो करें

इलेक्टोरल कमिश्नर, कैनबरा द्वारा प्राधिकृत
Authorised by the Electoral Commissioner, Canberra

25-2108